https://docs.stacks.co/understand-stacks/overview

Overview

अवलोकन

स्टैक 2.0 ब्लॉकचेन के बारे में अधिक जानें

भूमिका

स्टैक 2.0 एक लेयर -1 ब्लॉकचेन है जो बिटकॉइन से जुड़ता है और इसमें स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट और विकेंद्रीकृत ऐप लाता है। स्टैक्स प्लेटफॉर्म पर विकसित स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट और ऐप, मूल रूप से बिटकॉइन की सुरक्षा, स्थिरता और आर्थिक शक्ति के साथ संघटित होते हैं।

क्षमताएं

स्टैक 2.0 ब्लॉकचैन की कार्यक्षमता के बारे में और पढ़ें।

संक्षिप्त अवलोकन के लिए तकनीकी विनिर्देश देखें technical specifications

सहमति क्रियाविधि

स्टैक 2.0 एक नए खनन क्रियाविधि को लागू करता है जिसे प्रूफ ऑफ ट्रांसफर ("PoX") कहा जाता है। PoX दो ब्लॉकचेन के बीच एक सर्वसम्मति एल्गोरिथ्म है। यह एक नए ब्लॉकचैन (Stacks) को सुरक्षित करने के लिए एक स्थापित ब्लॉकचेन (इस मामले में बिटकॉइन) का उपयोग करता है।

PoX 1:1 ब्लॉक अनुपात के साथ बिटकॉइन से जुड़ता है, जिसका अर्थ है कि स्टैक ब्लॉकचैन पर जो भी होता है, उसको बिटकॉइन ब्लॉकचेन पर सत्यापित किया जा सकता है।

काम के प्रमाण पर बिजली जलाने के बजाय, PoX पहले से ही बिटकॉइन को "गणना के प्रमाण" के रूप में पुन: उपयोग करता है और खनिक सीधे बिटकॉइन में उनकी लागत का प्रतिनिधित्व करते हैं।

ट्रांसफर का प्रमाण

ट्रांसफर के प्रमाण के सर्वसम्मति क्रियाविधि को समझें

खनन

नेटवर्क को उपयोगी, भरोसेमंद और सुरक्षित बनाने के लिए खनन की आवश्यकता है। खनिक आने वाले लेनदेन को सत्यापित करते हैं, सर्वसम्मति क्रियाविधि में भाग लेते हैं, और ब्लॉकचेन में नए ब्लॉक लिखते हैं।

खनन को प्रोत्साहित करने के लिए, यदि वे अगले दौर के नेता बनने के लिए बोली जीतते हैं, तो खनिकों को ताजा खनन किए गए स्टैक (STX) टोकन प्राप्त होते हैं।

खनन (माइनिंग) को समझें

स्टैक 2.0 पर खनन के लिए गाइड

स्टैकिंग

माइनर बिड के लिए उपयोग किए जाने वाले बिटकॉइन, सक्रिय तौर पर आम सहमति ("स्टेकर") में भाग लेने वाले स्टैक्स (STX) टोकन धारकों के विशिष्ट पते पर भेजे जाते हैं । इस प्रकार, नष्ट होने के बजाय, खनन प्रक्रिया में उपभोग किए जाने वाले बिटकॉइन, उत्पादक स्टैक धारकों के पास जाते हैं, जो स्टैक की उनकी पकड़ और स्टैकिंग एल्गोरिथ्म में भागीदारी के आधार पर एक इनाम के रूप में मिलते हैं।

स्टैकर्स को एक निश्चित अवधि के लिए अपने स्टैक (STX) टोकन को लॉक करना पड़ता है।

स्टैकिंग को समझें

प्रूफ ऑफ ट्रांसफर के इनाम क्रियाविधि का परिचय

स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट

स्टैक 2.0 ब्लॉकचेन पर स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट के लिए क्लैरिटी एक नई भाषा है। क्लैरिटी स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट भाषा, पूर्वानुमान और सुरक्षा को अनुकूलित करती है।

स्टैक 2.0, क्लेरिटी स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स को बिटकॉइन से जोड़ता है, जिससे बिटकॉइन ब्लॉकचेन पर देखे गए कार्यों के आधार पर स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट को संचालित करना संभव बनाता है।

क्लैरिटी ओपन-सोर्स प्रोजेक्ट को स्टैक्स और अल्गोरैंड द्वारा समर्थित किया गया है

क्लैरिटी स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स लिखने के लिए डिज़ाइन की गई अन्य भाषाओं से कुछ तरीकों मेंअलग है:

पूर्वानुमान: क्लैरिटी भाषा सटीक और स्पष्ट सिंटैक्स का उपयोग करती है जो डेवलपर्स को सटीक रूप से, उनके कॉन्ट्रैक्ट्स को कैसे निष्पादित किया जाएगा, इसकी भविष्यवाणी करने में मदद करती है

सुरक्षा: क्लैरिटी भाषा उपयोगकर्ताओं को लेनदेन के लिए अपनी शर्तों की आपूर्ति करने की अनुमति देती है जो यह सुनिश्चित करती है कि उपयोगकर्ताओं के कॉन्ट्रैक्ट्स कभी अप्रत्याशित रूप से ट्रांसफर नहीं हो

कोई कंपाइलर नहीं: क्लैरिटी में लिखे गए कॉन्ट्रैक्ट्स को स्टैक ब्लॉकचेन पर वैसा ही प्रसारित किया जाता है, जैसा कि वे डेवलपर्स द्वारा लिखे गए हैं। यह सुनिश्चित करता है कि कोड डेवलपर्स ने जैसा लिखा, विश्लेषण किया और परीक्षण किया, ठीक वैसा ही निष्पादित हुआ

स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स लिखें

क्लैरिटी के साथ शुरुआत करने के लिए अवलोकन और गाइड

विकेंद्रीकृत ऐप्स

स्टैक 2.0, उपयोगकर्ता के स्वामित्व वाले और केंद्रीकृत सर्वर उपयोग नहीं करने वाले, विकेन्द्रीकृत ऐप्स के निर्माण में मदद किया।

स्टैक के साथ ऐप्स बनाएँ

उपयोगकर्ताओं को प्रमाणित करें, लेन-देन पर हस्ताक्षर करें और स्टैक ब्लॉकचैन के साथ डेटा स्टोर करें

प्रमाणीकरण

स्टैक ब्लॉकचैन पर पहचान वाले उपयोगकर्ताओं का पंजीकरण और साइन इन करें

लेन-देन पर हस्ताक्षर

उपयोगकर्ताओं को स्टैंग ब्लॉकचैन में लेनदेन पर हस्ताक्षर करने और प्रसारित करने के लिए प्रेरित करें

डेटा भंडारण

गैया (Gaia) के साथ उपयोगकर्ताओं के लिए डेटा सहेजें और पुनर्प्राप्त करें

गाइड

स्टैक 2.0 ब्लॉकचेन को पूरी तरह समझने के लिए हमारे किसी एक गाइड को पढ़ें

हिसाब किताब

स्टैक 2.0 खातों के लिए गाइड

लेनदेन

स्टैक 2.0 लेनदेन के लिए गाइड

नेटवर्क

स्टैक 2.0 नेटवर्क के लिए गाइड

कोशिश करके देखो

स्टैक शुरू करने के लिए तैयार? हमारे मौजूदा ट्यूटोरियल में से एक आज़माएँ:

खातों का प्रबंधन

खातों को उत्पन्न करना और उनकी समीक्षा करना सीखें

टोकन भेजना

टोकन ट्रांसफर करना सीखें

एक टेस्टनेट नोड चलाना

टेस्टनेट नोड सेट अप करना और चलाना सीखें

स्टैकिंग को एकीकृत करना

अपने वॉलेट या एक्सचेंज में स्टैकिंग क्षमताओं को जोड़ना सीखें

डेवलपर टूलींग

स्टैक ब्लॉकचैन पर विकसित (डेवलप) करना हमारे टूलींग के साथ बहुत सरल है

नेटवर्क हेल्थ चेकर: स्टेटस चेकर के साथ नेटवर्क की स्थिति की जाँच status checker

एक्सप्लोरर: स्टैक्स एक्सप्लोरर का उपयोग करके स्टैक ब्लॉकचैन में प्रसारित खाते, ब्लॉक, लेनदेन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स देखें Stacks Explorer

एपीआई: स्टैक 2.0 ब्लॉकचैन एपीआई का उपयोग करके ब्लॉकचैन और स्मार्ट कॉन्ट्रैक्ट्स पढ़ें और बातचीत करें Stacks 2.0 Blockchain API

सीएलआई: अपने टर्मिनल के अंदर स्टैक सीएलआई का उपयोग करें Stacks CLI

लाइब्रेरी : स्टैक ब्लॉकचैन के साथ एकीकृत करने के लिए स्टैक जावास्क्रिप्ट लाइब्रेरी का उपयोग करें Stacks Javascript libraries